तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 18 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 20 मार्च 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

13 3741 ज्योति से जगमगाया मां अंगारमोती का दरबार



14 नवरात्रि, चेट्रीचंड्र और हिन्दू नववर्ष के रंग में रंगा शहर



## कारागृह में जल रही शिक्षा की ज्योति, रोशन होगी बंदियों की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जेल में शिक्षा की अलख जग रही है। यहां पर 37 बंदी उल्लास परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं।

परीक्षा 22 मार्च को होगी, जिसके लिए जिला जेल को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जेल के गुरुजी इन बंदियों को साक्षर बनाने में जुटे हुए हैं।

अलग खबर

सदियों से कारागृह दोषियों को सजा देने की जगह के रूप में चिन्हित है, लेकिन अब इसका स्वरूप बदल गया है। इसे सजा देने की जगह नहीं सुधार गृह के रूप में डेवलप किया गया है। यहां पर बंदियों के भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार उन्मुखी प्रशिक्षण पर ध्यान दिया जाता है।

इसी के तहत जिला जेल धमतरी में बंदियों के लिए एक सराहनीय पहल की जा रही है। सर्व शिक्षा अभियान के तहत 22 मार्च को उल्लास परीक्षा आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा के लिए जिला जेल में बंद 37 विचाराधीन बंदियों को तैयार किया जा रहा है।

इस पहल का उद्देश्य बंदियों को शिक्षा से जोड़कर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है।




फाइल फोटो

### उल्लास परीक्षा में शामिल होंगे 37 विचाराधीन बंदी, जेल को बनाया गया परीक्षा केंद्र

### कापी, किताब, स्लेट, पेंसिल उपलब्ध

इन बंदियों को साक्षर बनाने के लिए जेल प्रशासन भरसक प्रयास कर रहा है। इसी के तहत बंदियों को कापी, किताब, कलम, स्लेट, पेंसिल जैसी शिक्षण सामग्री पर्याप्त मात्रा में नियमित रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यही नहीं पढ़ाई और बेहतर जीवन के लिए बंदियों को मार्गदर्शन और प्रेरणा भी दी जा रही है, जिससे वे उत्साहपूर्वक परीक्षा में भाग ले सकें। यह पहल न केवल बंदियों को साक्षर बनाने में सहायक है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और जागरूक नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित कर रही है।

### नवरात्रि विशेष



### द्वितीय : ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-

दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

बीपीएल, कृषि, घरेलू कनेक्शनों के बकाया बिल वसूली के लिए शासन की योजना

## समाधान योजना : सालों से पेंडिंग बिजली बिल पर 75 प्रतिशत छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कई उपभोक्ता लंबे समय से बिजली बिल नहीं पटा पा रहे हैं। इन बिलों को जमा करने पर विद्युत विभाग भारी छूट दे रहा है। बिजली बिल समाधान योजना के तहत उपभोक्ताओं को बिल में 75 प्रतिशत छूट दी जा रही है। यही नहीं सरचार्ज पर शत -प्रतिशत छूट दी जा रही है।

प्रदेश सरकार ने लंबित बिजली बिल की वसूली के उद्देश्य से मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 लागू की है। इस योजना के तहत बकाया बिजली बिल का भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को मूल राशि पर 50 से 75 प्रतिशत तक की छूट तथा अधिभार (सरचार्ज) पर 100 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जा रही है। इस योजना का लाभ बीपीएल, घरेलू तथा कृषि श्रेणी के ऐसे उपभोक्ताओं को मिलेगा, जिनका बिजली बिल लंबे समय से बकाया है। योजना अंतर्गत 31 मार्च 2023 से पूर्व बीपीएल श्रेणी के उपभोक्ताओं को बकाया राशि के भुगतान पर मूल राशि में 75 प्रतिशत तक छूट तथा अधिभार राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। इसी प्रकार घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं को मूल राशि पर 50 प्रतिशत छूट और अधिभार पर 100 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। कृषि श्रेणी के स्थायी एवं अस्थायी उपभोक्ताओं को भी बकाया भुगतान करने पर मूल राशि में 50 प्रतिशत छूट तथा अधिभार में 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।



### 191 उपभोक्ताओं को सीधा लाभ

इस योजना का सीधा लाभ जिले के 191 उपभोक्तओं को मिलेगा। विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता अनिल सोनी ने बताया कि इस योजना के तहत पात्र उपभोक्ताओं की लिस्टिंग की गई, जिसमें बीपीएल, कृषि और घरेलू तीनों श्रेणी में 191 उपभोक्ताओं का नाम सामने आया है, जिन्हें इस योजना के तहत लाभ दिया जा सकता है।

### उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

यह योजना उन परिवारों को काफी राहत देगी, जो आर्थिक तंगी के कारण लंबे समय से बिजली बिल का भुगतान नहीं कर पा रहे हैं और बढ़ते बकाया, ब्याज एवं सरचार्ज के कारण मानसिक एवं आर्थिक दबाव झेल रहे हैं। उपर से बिजली कनेक्शन कटने का खतरा हमेशा मंडरता रहता है। ऐसे परिवार इस योजना का लाभ ले सकते हैं। इसके लिए उन्हें विद्युत विभाग में पंजीयन कराना होगा। पंजीयन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीके से कराया जा सकता है।

## मनोरोग चिकित्सक की लगाई इमरजेंसी ड्यूटी, उपचार के लिए भटक रहे मरीज

- जिला अस्पताल से मायूस लौट रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मनोरोग चिकित्सक की ओपीडी में व इमरजेन्सी ड्यूटी लगाई जाने के कारण मनोरोगियों का इलाज प्रभावित हो रहा है। मरीज बिना उपचार कराए जिला अस्पताल से वापस लौटने विवश हो रहे हैं।

जिला चिकित्सालय में मनोरोग से पीड़ित मरीजों को उपचार की सुविधा देने ओपीडी के कक्ष क्रमांक 06 में स्पर्श क्लिनिक शुरू किया था। यहां मनोरोग विशेषज्ञ की नियुक्ति हुई। स्पर्श क्लिनिक के शुरू होने पर जिले व पड़ोसी जिले के मनोरोग से पीड़ित मरीज उपचार के लिए पहुंचते थे। विशेषज्ञ द्वारा मरीजों का समुचित उपचार हो रहा था। स्पर्श क्लिनिक अस्पताल परिसर में अपने भवन में शिफ्ट हो गया। इसी के साथ स्पर्श क्लिनिक में संविदा पर पदस्थ मनोरोग विशेषज्ञ नौकरी छोड़कर चले गए जिसके बाद स्पर्श क्लिनिक की जिम्मेदारी मेडिकल आफिसर डॉ. रचना पदमवार को दी गई। मनोरोगियों के उपचार के लिए डाक्टर बकायदा प्रशिक्षण प्राप्त कर स्पर्श क्लिनिक में सेवाएं दे रही थीं। मरीजों की जांच, उपचार, काउंसलिंग कर दवाइयां दी जाती हैं। वहीं फालोअप में आने वाले मनोरोगियों को उनकी स्थिति के अनुसार मनोरोग चिकित्सक द्वारा मेडिसीन लिखी जाती है जिसके आधार पर मरीजों को दवाइयां उपलब्ध हो पाती हैं। लेकिन संविदा पर रही मनोरोग चिकित्सक डॉ. रचना के नियमित होने के बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा स्पर्श क्लिनिक से हटाकर उनकी ओपीडी में ड्यूटी लगा दी गई। मनोरोग चिकित्सक की ओपीडी मरीजों के उपचार, इमरजेन्सी ड्यूटी, पोस्टमार्टम ड्यूटी, डे व नाइट ड्यूटी लगाई जा रही है जिसके कारण स्पर्श क्लिनिक में मनोरोगियों का उपचार नहीं मिल पा रहा है। डाक्टर के प्रिसक्राइब्ड नहीं हो पाने से मरीजों को दवाइयां तक उपलब्ध नहीं हो पा रही है। मनोरोग से पीड़ित मरीज उपचार व दवाइयों के लिए रोजाना जिला अस्पताल का चक्कर लगा रहे हैं। जबकि जिला अस्पताल में दूरदराज से रोजाना काफी मनोरोगी उपचार के लिए पहुंचते हैं। लेकिन न उनका उपचार हो पा रहा है और न ही दवाइयां मिल रही हैं।



### खबर संक्षेप

### सलोनी में आज से भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ महोत्सव



**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम सलोनी के रामसुंदर साहू, रामस्वरूप साहू, श्रीमती अंबिका साहू की स्मृति में आज 20 मार्च से 28 मार्च तक श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथावाचक ढीमरटिकुर नवागांव के आचार्य राजकुमार पांडे प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से कथा का वाचन करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी में श्रीमती राम बाई साहू, चंद्रप्रकाश, लक्ष्मी साहू, शैलेंद्र साहू, गीतेश्वरी साहू, फूलजी साहू, दुर्गा साहू, भूखन लाल, जमुना साहू सहित ग्रामवासी जुटे हैं। यह जानकारी शैलेंद्र साहू पूर्व जनपद सदस्य सलोनी ने दी।

### करेली बड़ी में 20 से कबीर सत्संग



**मगरलोड।** नगर पंचायत करेली बड़ी के साहू समाज भवन में श्री कबीर सत्संग समिति द्वारा कबीर सत्संग समारोह का आयोजन 20 से 22 मार्च को किया गया है। प्रवचनकर्ता धर्मेंद्र साहेब प्रयागराज इलाहाबाद होंगे। भजन एवं प्रवचन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक, दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगा। अंतिम दिवस 22 मार्च को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक प्रवचन होगा। समिति के अध्यक्ष नारायण लाल साहू ने क्षेत्रवासियों से सत्संग का लाभ लेने की अपील की है।

### पीयूष प्रकाश का जवाहर नवोदय में चयन



**धमतरी।** जल विहार कालोनी गली नं 02 रुद्री निवासी व व्याख्याता शाउमावि बगौद महेन्द्र कुमार शोरी के पुत्र पीयूष प्रकाश शोरी का जवाहर नवोदय विद्यालय कुरुद कक्षा 6 वीं में चयन हुआ है। उनके चयन पर लुमीना शोरी, विद्याकुंज स्कूल लोहरसी के प्राचार्य व शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

## दुग्ध उत्पादक किसानों की राशि खुद पर खर्च करने का आरोप

- सोसाइटी संचालक पर कार्रवाई कर राशि दिलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दुग्ध उत्पादक किसानों के दूध विक्रय की राशि को सहकारी समिति के संचालक द्वारा निजी कार्य में लगाने का मामला सामने आया है। किसानों ने संचालक पर कार्रवाई कर दूध की राशि दिलाने की मांग की है।

ग्राम सेनचुआ के दुग्ध उत्पादक किसान विनोद कुमार ने कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि भखारा तहसील के ग्राम सेनचुआ में छग सोसाइटी अधिनियम 1960 के तहत पंजीकृत दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित द्वारा किसानों से दूध खरीदी की जा रही थी। वित्तीय वर्ष 2023-24 में किसानों से खरीदी गई दूध की राशि 1.14 लाख अब तक किसानों के खाते में हस्तांतरित नहीं की गई है जिसकी शिकायत अक्टूबर 2025 में कलेक्टर जनदर्शन में की गई है। शिकायत जांच के दौरान समिति संचालक ने 1.14 लाख रूपये निजी काम में लगाने का लिखित बयान दिया है। 6 माह बीतने के बाद भी किसानों के खाते में दूध की रकम नहीं आई है।



शिकायत आवेदन में आगे कहा है कि दुग्ध संचालक पर शीघ्र कार्रवाई की जाये। 20 दिनों के अंदर किसानों के खाते में राशि नहीं आने पर दुग्ध उत्पादक किसान अनशन के लिए बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## रोजाना होगा फसल क्षति का आकलन

- कृषि, राजस्व विभाग और फसल बीमा की टीम उतरी खेतों में

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मौसम में सुधार नहीं होने से किसानों की नींद उड़ी हुई है। बुधवार को भी कई इलाकों में बारिश हुई। उधर कृषि विभाग, राजस्व और फसल बीमा की टीम नुकसान का जायज लेने फील्ड पर उतर चुकी है। यह टीम रोजाना नुकसान का जायजा लेगी।

शासन- प्रशासन की सलाह पर किसानों ने चना सहित अन्य उन्हारी फसल लगाई है, लेकिन लगातार खराब मौसम से किसान हताश हो रहे हैं। सोमवार को हुई बारिश से अधिकांश किसानों की खरही, करपा भीग गए हैं। फसल के भीगने के बाद किसानों ने इसे झिल्ली तिरपाल से ढंक दिया है। अब वे मौसम खुलने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि फसल को सूखा सके, लेकिन धूप निकलने के बजाय हर रोज बारिश हो रही है। ऐसे में ढंकी हुई गीली फसल की उमस और गर्मी से खराब होने की आशंका बनी हुई है। उधर मौसम खुलता नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में किसानों की बेचैनी और बढ़ती जा रही है। मौसम की मार झेलने वाले कई किसानों ने तो उन्हारी फसल लगाने से तौबा करने की सोच ली है।



### नुकसान का ले रहे जायजा

कृषि विभाग के केएस ध्रुव ने बताया कि 16 और 17 मार्च को हुई बारिश से किसानों को काफी नुकसान हुआ है। नुकसान का जायजा लेने के लिए फील्ड स्तर के कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। फसल बीमा और राजस्व विभाग भी नुकसान का जायजा लेने मैदान पर उतर चुकी है। प्रतिदिन नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

### छग झेरिया यादव समाज का चुनाव 12 अप्रैल को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज की प्रबंधकारिणी समिति का चुनाव 12 अप्रैल को होगा। इस निर्वाचन में राज्य के 24 जिलों के 15,928 आजीवन सदस्य भाग लेंगे। मतदान के लिए जिला स्तर पर कुल 55 केंद्र बनाए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुकालू राम यदु एवं जगत राम यादव द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव के एक-एक पद तथा सदस्य के दो पदों पर चुनाव होगा। मतदाता सूची का प्रकाशन 21 मार्च तक पूरा किया जाएगा। नामांकन प्रक्रिया 22 से 25 मार्च तक चलेगी, जबकि 27 मार्च को नाम वापसी और 28 मार्च को अंतिम सूची जारी होगी। मतदान 12 अप्रैल को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। मतगणना मतदान समाप्ति के आधे घंटे बाद की जाएगी और अंतिम परिणाम रायपुर स्थित समाज के प्रधान कार्यालय में घोषित किए जाएंगे। मतदान के लिए आधार कार्ड अनिवार्य पहचान पत्र रहेगा।

## वन्य प्राणी का शिकार करने वाले 5 फरार आरोपी गिरफ्तार

- उदंती सीतानदी के जंगल में कोटरी और उड़न गिलहरी का शिकार का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

उदंती सीतानदी के जंगल में कोटरी और उड़न गिलहरी का शिकार करने वाले फरार 5 आरोपियों को यूएसटीआर की एंटी पोंचिंग टीम ने गिरफ्तार कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि गत दिनों उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के परिक्षेत्र इंदागांव (घुरवागुड़ी) बफर अंतर्गत पीपलखुंटा (ब) बीट आरक्षित वनकक्ष 1204 में वन्य प्राणी कोटरी और उड़न गिलहरी का शिकार करने वाले पांच आरोपियों को जेल दाखिल किया गया था। जबकि पांच आरोपी फरार थे। प्रकरण में शामिल 10 आरोपियों पर वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 17 मार्च को सूचना पर फरार पांच आरोपियों को एंटी पोंचिंग टीम ने हिरासत में लिया। धनीराम कमार अछला, रामेश्वर गोंड़, गन्चु पारधी अछला, मोहन कमार अछला, प्रभुलाल कमार अछला को पकड़कर पूछताछ की गई। आरोपियों ने 10 मार्च की रात गोडेना कछार के जंगल कक्ष क्र. 1204 में अवैध रूप से प्रवेश कर वन्य प्राणी कोटरी एवं उड़न गिलहरी का तीर कमान और गुलेल से शिकार करने का अपराध स्वीकार किया। सभी आरोपियों को न्यायालय के आदेश पर 10 दिनों की रिमांड पर जिला जेल गरियाबंद में दाखिल किया गया है।



कंवर के पास हुआ हादसा, सिलौटी में शोक की लहर

## खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाइक टकराई, राजमिस्त्री की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

ग्राम सिलौटी निवासी 55 वर्षीय राजमिस्त्री अर्जुनराम साहू पिता स्व. पोखरू राम की बुधवार शाम सड़क हादसे में मौत हो गई। चैत्र नवरात्रि और हिंदू नववर्ष के पहले दिन हुई इस दुखद घटना से ग्राम सिलौटी में शोक की लहर है। एक मेहनतकश राजमिस्त्री की असमय मौत ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनराम साहू बुधवार को शाम करीब 4 बजे अपने रिश्तेदार के यहां किसी कार्यक्रम में शामिल होने परसतराई जाने के लिए निकले थे जो कि शाम पेंडरवानी के रास्ते वापस हो रहे थे। वापसी के दौरान शाम लगभग 6:30 बजे ग्राम कंवर के पास उनकी मोटरसाइकिल सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनके सिर में गंभीर चोट आई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।



### पुलिस ने फोन उठाया और हादसे की जानकारी दी

हादसे के बाद राहगीरों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस चौकी कंवर को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए गुरुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। गुरुवार की दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना की जानकारी उस समय और स्पष्ट हुई जब मृतक की एक रेजा (मजदूर) ने अगले दिन के काम की पुष्टि के लिए अर्जुन के मोबाइल पर फोन किया। फोन पुलिस ने उठाया और हादसे की जानकारी दी, जिसके बाद यह खबर धीरे-धीरे परिजनों और ग्रामीणों तक पहुंची। फिलहाल पुलिस मामले की बारीकी से जांच में जुटी हुई है।

### ग्रामीण इलाकों में लापरवाही बन रही जानलेवा

ग्रामीण क्षेत्र में अक्सर देखा जाता है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली, हार्वेस्टर, जेसीबी जैसे भारी वाहन सड़क किनारे या आधी सड़क पर ही खड़े कर दिए जाते हैं। कई बार इन पर न तो रिफ्लेक्टर होते हैं और न ही कोई चेतावनी संकेत, जिससे रात या शाम के समय ये वाहन नजर नहीं आते और हादसों का कारण बनते हैं। प्रशासन और ग्रामीणों के लिए यह जरूरी है कि सड़क किनारे वाहन खड़े करते समय पर्याप्त दूरी और सुरक्षित स्थान का चयन किया जाए। वाहनों पर रिफ्लेक्टर, रेडियम टेप या चेतावनी संकेत अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। रात में पार्किंग के दौरान इंडिकेटर या चेतावनी लाइट का उपयोग किया जाए।

## आरटीई : रिजर्व सीट से दो गुना ज्यादा आवेदन

- आवेदन करने के लिए 12 दिन बाकी, बढ़ेगी संख्या

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

एक माह में आरटीई एडमिशन के लिए सीट से दो गुना आवेदन मिल गए हैं। अभी आवेदन करने के लिए 12 दिन का वक्त बाकी है। ऐसे में सीट से तीन गुना ज्यादा आवेदन आने की उम्मीद है। लगातार पोर्टल के जरिए ऑनलाइन आवेदन मिल रहे हैं।

इस साल आरटीई के तहत काफी कम्पिटिशन रहेगी, क्योंकि इस साल आटीई के तहत सीटों की संख्या आधी से ज्यादा कम हो गई है। पिछले साल आरटीई के तहत 1066 सीट रिजर्व रखी गई थी। इस साल नियम बदलने से सीटों की संख्या मात्र 450 में सिमटकर रह गई है। उधर आवेदनों की संख्या कम नहीं हो रही है। 18 मार्च दोपहर की स्थिति में 883 आवेदन मिल चुके हैं। उल्लेखनीय है कि 16 मार्च से आवेदन लिया जा रहा है और 31 मार्च तक आवेदन लिए जाएंगे। अभी आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि में 12 दिन और बाकी हैं।

### 13 अप्रैल को निकलेगी लॉटरी

पहले चरण का एडमिशन 25 जून तक चलेगा। आवेदन आते जा रहे हैं। साथ ही नोडल द्वारा आवेदनों का वेरिफिकेशन भी किया जा रहा है। 13 अप्रैल से 17 अप्रैल तक विभिन्न स्कूलों में आरटीई के तहत लॉटरी की प्रक्रिया की जाएगी। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद 1 मई से 30 मई तक छात्रों को स्कूलों में दाखिला दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### भूखन मछुआरा संघ के अध्यक्ष बने

**अंवरी।** राष्ट्रीय मछुआरा संघ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती गायत्री गायगवाल की अनुशंसा पर भूखन धीवर को कुरूद विधानसभा



अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। यह निर्णय समाज के प्रति उनकी निष्ठा, सेवा और समर्पण भाव को देखकर लिया गया। श्रीमती गायत्री गायगवाल, सचिव ओमप्रकाश धीवर और कोषाध्यक्ष बुधराम धीवर के समर्थन से भूखन धीवर की इस नियुक्ति से पूरे कुरूद परगना धीवर समाज और ग्राम अंवरी के समाज में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर भीमसेन तारक (संरक्षक), प्रकाश धीवर (अध्यक्ष), सुरेश धीवर (सचिव), रिखीराम तारक (कोषाध्यक्ष) और गणेश तारक (युवा प्रकोष्ठ), भागीरथी धीवर, रामाधार धीवर, भीखम धीवर, भूपेंद्र धीवर, सीताराम धीवर, छन्नू धीवर, विष्णु धीवर, यशवंत धीवर, बिसाहू धीवर और यीशु धीवर ने हर्ष जताया है।

### राजू बने किसान मोर्चा के सोशल मीडिया प्रभारी

**सांकरा।** किसान मोर्चा नगरी मंडल के सोशल मीडिया प्रभारी पद पर राजू पटेल को नियुक्त किया गया है। उनके चयन पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, किसान



मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी शाह, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, नागेन्द्र शुक्ला पूर्व जिला महामंत्री, विकल गुप्ता अध्यक्ष कर्णेश्वर महादेव मंदिर, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष विकास बोहरा, महामंत्री रूपेन्द्र साहू, पूर्व उपाध्यक्ष अजय नाहटा, नंद यादव पूर्व नपं अध्यक्ष, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, किसान मोर्चा नगरी मंडल अध्यक्ष पवन कुमार साहू, सरपंच नागेंद्र बोरझा, ग्राम व्यवस्था समिति अध्यक्ष गिरवर भंडारी, जन्मेजय साहू, साधुराम साहू, रमेश साहू, सहनूराम साहू, हरि भंडारी ने हर्ष व्यक्त किया।


वर्ष में एक बार चैत्र नवरात्रि में होते हैं मां के दर्शन, 22 मार्च को मनेगा जातरा

# अदृश्य रूप में विराजित माता निराई के दर्शन के लिए पहुंचेंगे दूर-दूर से श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

मगरलोड विकासखंड मुख्यालय से लगभग 35 किलोमीटर दूर वनांचल की ऊंची पहाड़ी में निराई माता विराजित हैं। गरियाबंद राजमार्ग से महज 5 किलोमीटर समीप ग्राम पंचायत मोहेरा से दो तीन किलोमीटर समीप आश्रित ग्राम निराई की दुर्गम, ऊबड़, खाबड़ पथरीली एवं झाड़ी नुमा पहुंच मार्ग है। निराई माता का स्थल प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर एवं आध्यात्मिक आस्था से भरा है।

चैत्र नवरात्रि के प्रथम रविवार को निराई माता के जातरा मेला में माता के भक्त आते हैं। माता के चरणों में नारियल ,अगरबत्ती अर्पित करते हैं तथा मन्नत पूर्ण होने पर माता की प्रिय सामग्री भेंटकर आत्म शांति का अनुभव करते हैं। कहा जाता है कि माता से मांगी गई मन्नतें पूर्ण होती हैं। इस वर्ष निराई माता का जातरा 22 मार्च को नवरात्रि के प्रथम रविवार को होगा। निराई माता ऊंची पहाड़ी की खोह में अदृश्य रूप में विराजित हैं।



### पूजा-अर्चना के ये हैं नियम

पुजारिन द्वारा लड़ने झगड़ने के कारण निराई माता महिलाओं से परहेज करती हैं। महिलाएं निराई माता का दर्शन नहीं कर सकती हैं। दूर से माता को प्रणाम कर आशीर्वाद मांगती हैं। निराई माता सुहाग श्रृंगार, कुमकुम , गुलाल, बंधन , सिंदूर स्वीकार नहीं करती हैं। श्रद्धालु अगरबत्ती, नारियल, फूल माता को अर्पित करते है। निराई माता चट्टान की खोह में निवास करती हैं। माता का मंदिर नहीं है तथा रास्ता सुगम नहीं है।

### शेरों को हल में फांदकर खेत की जुताई करते थे

किदवंती है कि आज से 200 वर्ष पूर्व ग्राम मोहेरा के मालगुजार जयरामगिरी गोस्वामी निराई माता की पूजा करते थे। पुजारी माता की भक्ति एवं सेवा से शक्तिशाली तथा तांत्रिक हुआ करते थे। अपनी भक्ति के प्रभाव से किसी को भी अपने वश में कर लेते थे। पुजारी माता शक्ति से शेरों को हल में फांदकर खेत की जुताई करते थे। निराई माता स्वयं पुजारी को भोजन खिलाती थी। पत्नी द्वारा दिए गए भोजन को पुजारी ग्रहण नहीं करते थे। जिससे पुजारी की पत्नी को शंका होती थी।

### पुजारिन को दिया श्राप

एक दिन पुजारी की पत्नी ने भोजन करती हुई निराई माता को देख लिया। द्वेषवश पुजारिन माता से झगड़ने लगी। झगड़ते-झगड़ते दोनों 6-7 किलोमीटर दूर घने जंगल में चली गई। माता ने पुजारिन को श्राप दिया कि तुम्हारे वंश में कोई भी नारी सुहाग, श्रृंगार नहीं कर सकेगी। यह कहकर माता अदृश्य हो गई। आज वह स्थान माता के नाम से पूजनीय है। आज भी पुजारिन परिवार की महिलाएं सुहाग श्रृंगार नहीं करती हैं।

### दूर तक फैली है महिमा

चैत्र नवरात्रि पर्व पर निराई माता की ऊंची पहाड़ी में स्वमेव दीप प्रज्ज्वलित होता है। प्रकाश पुंज की ज्योति आकर्षक होती है। सच्चे मन से मांगी गई मन्नतें पूर्ण होती हैं। माता के प्रति अविश्वास, दूषित विचार, आलोचना, मद्यपान विचार वालों को मधुमक्खी एवं जंगली पशुओं से परेशानी हो सकती है।

### क्रोध में आकर माता ने कटार को फेंका

निराई माता के निवास स्थल पर पुजारी द्वारा बाजे-गाजे के साथ 5 नारियल, सोने-चांदी का श्रृंगार चढ़ाया जाता है। एक नारियल बैगा का, दूसरा नारियल मालगुजार का, तीन नारियल ग्राम पंचायत एवं ग्रामवासियों की तरफ से फोड़ा जाता है। यह भी कहा जाता है कि पुजारी पहाड़ी में बलि समर्पित कर नीचे उतर गया किंतु वह कटार वहीं भूल गया। कटार वापस लाने पुजारी पहाड़ी में गया तो देखा वहां वन्य देवियों का दरबार लगा था। निराई माता ने क्रोधित होकर कटार को नीचे फेंक दिया और कहा कि आज से यहां मात्र 5 नारियल ही फूटेगा। अन्य शेष कार्य नीचे जहां कटार पड़ा है वहां किया जाएगा। तब से पहाड़ी के नीचे स्थान पर अन्य कार्य होते हैं। उक्त स्थल पर प्रतीकात्मक रूप से माता की मूर्ति, अश्व मूर्ति, दीए चढ़ाए जाते हैं। मात्र एक रात्रि में बनाकर एवं पकाकर निर्माण किया जाता है। जातरा के दिन ग्राम निरई सहित आसपास के दर्जनों गांव के आदिवासी समाज सेवक माता की सेवा में जुटेंगे।

ज्योति धारियों ने शुभ मुहूर्त में मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की

## शीतला शक्ति पीठ में जगमगा रहे आस्था के 1035 दीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

चैत्र नवरात्रि पर माता शीतला का दरबार एक बार फिर भक्ति, संस्कृति और उल्लास से सराबोर रहा। नवरात्रि के प्रथम दिवस शीतला शक्ति पीठ सिहावा में आस्था के दीप प्रज्ज्वलित करने वालों की भीड़ लगी रही है। प्रमुख घट स्थापना उपरांत ज्योति धारियों ने मां शीतला के दर्शन किए। विधि विधान से पूजा-अर्चना , संकल्प लेकर शुभ मुहूर्त दोपहर 3 बजे मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि में 1023 ज्योति जगमगा रहे हैं जिसमें घी के 117 व तेल के 918 ज्योत शामिल है। घट स्थापना के लिये आचार्य नारायण प्रसादपाठक ने ज्योतिधारियों को संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि में आदि शक्ति की उपासना से मनुष्य का जीवन कल्याणकारी हो जाता है। शीतला शक्ति पीठ के अध्यक्ष कैलाश पवार ने बताया कि शीतला माता हर कष्ट को हरती है। सिर से पुष्प गिराकर आशीर्वाद देती है। माता का उद्भव स्वंभू होने से पूरे क्षेत्र में माता के दरबार का विशेष महत्व है। तृतीय दिवस से अष्टमी तक रोजाना भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा। 24 मार्च को राजहंस मानस परिवार अम्बागढ़ चौकी की मनमोहक प्रस्तुति होगी। 25 मार्च को ओम आदित्य मानस परिवार रिसाली, 26 मार्च को मोर मयारू मानस परिवार



गुदगुदा ,27 मार्च को विद्यार्थी मानस परिवार सांकरा का आयोजन होगा। नवरात्रि के पहले दिन मां दुर्गा के पहले स्वरूप शैलपुत्री की पूजा हुई। भक्तों ने मां शैलपुत्री की पूजा करके अपने जीवन में स्थिरता और दृढ़ता व शक्ति की कामना की। इस आयोजन में समिति के प्रमुख संचालक नरेंद्र नाग, उपाध्यक्ष गगन नाहटा, रामलाल नेताम, महासचिव नेम सिंह बिशेन, सहसचिव नारद निषाद, बुधेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष गैंद लाल यादव, तुकाराम साहू, पुजारी ज्ञान सागर पटेल, बलदेव निषाद, राजकुमार निषाद, संजय सारथी, प्रवीण गुप्ता, शशिकला शांडिल्य, देवंतीन श्रीमाली, रीना बिसेन समेत अन्य जुटे हैं।

## स्कूलों में बनेंगे प्रार्थना शेड



■ विद्यालय परिवार ने किया महापौर का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर के शिवसिंह वर्मा गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल और हटकेशर आत्मानंद स्कूल में 10-10 लाख रुपये की लागत से प्रार्थना शेड निर्माण के बाद छात्राओं को बड़ी राहत मिली है। इस कार्य के लिए महापौर रामू रोहरा का विद्यालय परिवार ने सम्मान कर आभार जताया। ज्ञात हो कि लंबे समय से शेड के अभाव में छात्राओं को धूप और बारिश में परेशानी होती थी, जिसे दूर करते हुए अब उन्हें सुरक्षित वातावरण मिला है। स्कूल प्रबंधन ने इसे शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम बताया। महापौर ने कहा कि शिक्षा और मूलभूत सुविधाएं उनकी प्राथमिकता हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि आगे भी स्कूलों में आवश्यक सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

## बरबांधा स्कूल के 7 विद्यार्थियों का नवोदय में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

प्राथमिक शाला बरबांधा के 7 प्रतिभावान विद्यार्थियों ने जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इस उपलब्धि से विद्यालय सहित पूरे ग्राम में खुशी और उत्साह का वातावरण है। चयनित विद्यार्थियों में देवांशी साहू, लोचन नेताम पिता मोतीलाल, कुसुम पिता रामरतन, सौम्यजीत पिता मनोज, दीपेश्वरी पिता लच्छू, प्रांजल पिता कमलेश एवं मनिका पिता शोभित शामिल हैं।



## विज्ञान के प्रति छात्रों में रुचि बढ़ाने हुई स्पर्धा

■ सुखराम नागे कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शासकीय सुखराम नागे कालेज नगरी में प्राचार्य डा. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन में एवं विज्ञान प्रभारी प्रो. कौशल नायक के संयोजन में साइंस क्लब एवं आईक्यूएसी के तत्वाधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। विज्ञान के प्रति रुचि एवं जिज्ञासा को बढ़ाने के लिए क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता भी हुई।




विज्ञान प्रभारी प्रो. कौशल नायक ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस भारत में हर साल 28 फरवरी को महान वैज्ञानिक सीवी रमन द्वारा 1928 में रमन प्रभाव की खोज की स्मृति में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य आम लोगों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और युवाओं को विज्ञान के प्रति प्रेरित करना है।

प्रो. नायक ने बताया कि सीकर जिले की विभा शर्मा ने इसरो में वैज्ञानिक बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने एमएनआइटी जयपुर से बीटेक और आईआईटी मुंबई से एमटेक किया, गेट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विभा अब अंतरिक्ष से लाए गए तत्वों पर रिसर्च कर देश के अंतरिक्ष अभियानों में योगदान देंगी।

प्राचार्य डा. मनदीप खालसा ने कहा कि आज नारी न केवल घर तक ही सीमित है अपितु वे विज्ञान साहित्य इन सभी क्षेत्र के साथ अंतरिक्ष जैसे जगह पर पहुंच चुके हैं और अपना नाम रोशन कर रही है। जब महिलाएं शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ती हैं, तो पूरे समाज का विकास होता है।

क्विज प्रतियोगिता में प्रथम हिमेश्वरी बीएससी चतुर्थ सेमे. द्वितीय डुमेश्वरी बीएससी चतुर्थ सेमे. रही। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मोनिका साहू पीजीडीसीए, द्वितीय स्थान कल्याणी साहू पीजीडीसीए ने प्राप्त किया।

कार्यक्रम में प्रो. लालमन बेरवंश, डा. कविता, सागर मण्डावी, सीता नेताम, भूषण साहू , प्रियंका सिंह, ललिता कोकिला का विशेष योगदान रहा।

## अंचल की खबरें

### दंतेश्वरी मंदिर में जले आस्था के ज्योत



**सांकरा।** ग्राम सांकरा की ईष्ट देवी माई दंतेश्वरी के दरबार में इस वर्ष चैत्र नवरात्रि पर 89 ज्योत प्रज्ज्वलित किए गए हैं। पूजा-अर्चना पंडित आचार्य उदेभानु दीवान ने की। मौके पर मंदिर पुजारी यतीन पटेल, गिरवर भंडारी, बिशेष बोरझा, बंशीलाल ध्रुव, छगन साहू,पवन साहू, पतिराम साहू, महेश साहू, बलदाऊ यादव, मोहन साहू, गोपीराम पटेल, राजू पटेल, कृष्णा गोसाई, खेदूराम पटेल, शंकर पटेल सहित बड़ी संख्या में माता के भक्त शामिल रहे।

### सशिमं के 5 बच्चों का नवोदय में चयन



**मगरलोड।** नगर पंचायत करेली बड़ी में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर के कक्षा 5वीं में अध्ययनरत जागृति साहू पिता भैय्यालाल साहू, सावनी पाल पिता धर्मेंद्र पाल, नूतन यादव पिता पोखन यादव, ईशांत कुमार साहू पिता विजय कुमार साहू, डागेश कुमार निषाद पिता राकेश कुमार निषाद का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है। प्रधानाचार्य नूतन कुमार साहू ने बताया कि ये छात्र शुरू से मेधावी रहे हैं। शिक्षकों और पालकों के मार्गदर्शन में सफलता मिली है। अब तक इस विद्यालय से 11 छात्र-छात्राओं का जवाहर नवोदय में चयन हुआ है। संयोजक भोजराम साहू ने कहा कि विद्यार्थियों के चयन से नगर पंचायत और विद्यालय गर्व महसूस कर रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष महेंद्र साहू, हीरालाल साहू, पदुमलाल साहू, जितेंद्र सोनी, चोवाराम निषाद ,प्रदीप साहू, हिरमिषा साहू, भोलेश्वरी सोनवानी, आरती शर्मा, मेनका साहू, तारिणी साहू, ईश्वरी साहू ने चयनित छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



### श्रद्धा का नवोदय में चयन

**सिर्री।** शासकीय प्राथमिक शाला परसवानी की छात्रा कुमारी श्रद्धा यादव पिता योगेश यादव का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय कुरूद के लिए हुआ है। श्रद्धा को स्कूल स्टाफ ने गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया उनकी इस सफलता के पीछे कठिन परिश्रम , शिक्षकों का मार्गदर्शन, परिवार जनों का सहयोग महत्वपूर्ण रहा। श्रद्धा की उपलब्धि पर शिक्षक माधवी साहू, विक्रम कुमार साहू, गुंजा साहू, शारदा साहू, दीपेश कुमार साहू, व्यासनारायण साहू , मीना चंद्राकर सहित सरपंच पन्नालाल चंद्राकर, उपसरपंच राधेलाल ध्रुव, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति सदस्य रतेश्वर , संजय साहू, उमेश्वरी साहू उमा, अनुसुईया, त्रिभुवन तारक, केसर साहू ने हर्ष जताया है।

### आपातकाल के वीरों को मिलेगा सम्मान



■ लोकतंत्र प्रहरी संगठन के जिलाध्यक्ष ने विजय स्तंभ बनवाने सीएम को लिखा पत्र

**धमतरी।** लोकतंत्र की रक्षा के लिए आपातकाल के दौर में संघर्ष करने वाले दिवंगत मीसा बंदियों और लोकतंत्र सेनानियों को स्थायी सम्मान देने की मांग तेज हो गई है। लोकतंत्र प्रहरी संगठन के जिलाध्यक्ष हुपेंद्र सिंह सोन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर जिला मुख्यालय या गृह ग्राम में विजय स्तंभ स्थापित करने की मांग की है। पत्र में उन्होंने उल्लेख किया कि आपातकाल के कठिन समय में हजारों देशभक्तों ने जेल की यातनाएं सहकर लोकतंत्र को बचाने का कार्य किया। ऐसे सेनानियों की स्मृति को संजोना आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बन सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रस्तावित विजय स्तंभ पर स्थानीय मीसा बंदियों और लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष की गाथा अंकित की जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके त्याग और बलिदान को समझ सकें।

### खुरसेंगा में कर्मा जयंती मनाई गई

**जीजामगांव।** ग्रामीण साहू समाज ग्राम खुरसेंगा के तत्वावधान में मां कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। पूजा-अर्चना कर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डगेश्वर साहू संरक्षक थे। अध्यक्षता डॉ विश्वनाथ साहू मुख्य सलाहकार ने की। विशिष्ट अतिथि तुलेंद्र कुमार साहू सलाहकार, हरिशंकर साहू सरपंच थे। इस

विधि-विधानपूर्वक घट की स्थापना की गई, ज्योत-जंवारा बोया गया

## भक्ति और उल्लास के साथ चैत्र नवरात्रि प्रारंभ, मंदिरों में गूंजे जयकारे





हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

चैत्र नवरात्रि एवं हिन्दू नववर्ष के पावन आगमन के साथ नगर सहित आसपास का क्षेत्र भक्तिरस में सराबोर हो उठा। मंदिरों की घंटियों की मधुर ध्वनि, मंत्रोच्चार और श्रद्धालुओं की आस्था ने वातावरण को पूर्णतः आध्यात्मिक बना दिया।

गुरुवार को शुभ मुहूर्त में कुरूद स्थित छत्तीसगढ़ महतारी महाकाली मंदिर में विधि-विधानपूर्वक घट की स्थापना की गई तथा ज्योत-जंवारा बोया गया। मंदिर के संस्थापक एवं पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा ने सपत्नीक माता की आराधना कर दीप प्रज्ज्वलित किए। पुजारी महेश शर्मा द्वारा दुर्गा पाठ एवं पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहभागी बने और माता के जयकारों से



वातावरण गुंजायमान हो उठा। इसी क्रम में नगर की अधिष्ठात्री देवी चंडी मंदिर में भी श्रद्धा एवं भक्ति के साथ दीप प्रज्ज्वलन किया गया। खिलेंद्र चन्द्राकर, नरेंद्र चन्द्राकर, रजत चन्द्राकर, प्रहलाद चन्द्राकर एवं दीपक चन्द्राकर की उपस्थिति में पूजा-अर्चना सम्पन्न हुई। साथ ही प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी भी इस धार्मिक अनुष्ठान में सम्मिलित हुए। इसके अतिरिक्त शीतला माता मंदिर, खल्लारी माता मंदिर तथा आसपास के विभिन्न ग्रामों के देवी मंदिरों में भी विधिवत घट स्थापना कर ज्योत-जंवारा बोया गया। सम्पूर्ण क्षेत्र में श्रद्धा, उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम दृष्टिगोचर हो रहा है, जहां श्रद्धालु नौ दिनों तक मां दुर्गा की आराधना में लीन रहेंगे।

## एनएसएस नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त माध्यम : एसआर

■ पदमपुर में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहावा के स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम पदमपुर में सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया गया है।

उद्घाटन अवसर पर जनपद सदस्य हनीफ अली, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष राकेश चौबे, सरपंच उषा नेताम, उपसरपंच उमेंद्र नेताम, ग्राम पटेल लगनूराम नेताम, पूर्व सरपंच विनोद नेताम, सेवक राम मरकाम, जाहिद खान, रमती मरकाम, सोनबाई, सुरेंद्र मरकाम, गैलेद्री सेन, नाजमा खान, तेजराम साहू, धनेश देवांगन, शोभित नेताम,



महेश देवांगन एवं लुकेश देवांगन उपस्थित थे।

शिविर के दौरान स्वयंसेवक ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाने, शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने, सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य करने तथा विभिन्न बौद्धिक एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण विकास में सक्रिय योगदान देंगे। इस अवसर पर प्राचार्य एसआर साहू ने कहा कि एनएसएस शिविर विद्यार्थियों में सेवा भावना, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के विकास का सशक्त माध्यम है। ऐसे शिविरों के जरिए छात्र-छात्राएं समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हैं और ग्रामीण विकास में भागीदारी के लिए प्रेरित होते हैं। मौके पर कार्यक्रम अधिकारी दिनेश यादव, सहायक कार्यक्रम अधिकारी तिलेश्वरी अटल एवं दुष्यंत पुजारी सहित विद्यालय परिवार की उपस्थिति रही।

### आकर्षक साज-सज्जा, रंग-बिरंगी लाइटिंग और पारंपरिक सजावट से मंदिर की भव्यता बढ़ी

# 3741 ज्योति से जगमगाया मां अंगारमोती का दरबार

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

गंगरेल स्थित प्रसिद्ध अंगारमोती धाम में चैत्र नवरात्रि पर श्रद्धा और भक्ति के साथ मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई। इस दौरान मां अंगार मोती दाई की विशेष पूजा-अर्चना कर क्षेत्र सहित जनमानस के सुख, समृद्धि और शांति की कामना की गई। मंदिर परिसर माता के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



इस अवसर पर अंगार मोती ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई ने कहा कि मां अंगारमोती दाई की कृपा असीम और अपरंपार है जो भी श्रद्धालु सच्चे मन और विश्वास के साथ मां के दरबार में आता है, उसकी मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भक्तों की आस्था को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया है। आकर्षक साज-सज्जा, रंग-बिरंगी लाइटिंग और पारंपरिक सजावट से दरबार की भव्यता और भी बढ़ गई है।

चैत्र नवरात्रि के दौरान इस वर्ष कुल 3741 ज्योति प्रज्ज्वलित की गई, जिसमें 2608 तेल ज्योति और 1133 घी ज्योति शामिल हैं। ज्योति प्रज्ज्वलित कराने वाले श्रद्धालुओं में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल और हरियाणा सहित विभिन्न राज्य शामिल है। इसके अलावा विदेश से भी श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। अरब देश ओमान के भक्तों ने भी मनोकामना ज्योति जलवाई है।



इस मौके पर उपाध्यक्ष माधव सिंह ठाकुर, डा संरक्षक डा एआर, संरक्षक शिवचरण नेताम, सचिव ढालू राम ध्रुव, सहसचिव देवानंद नेताम, कोषाध्यक्ष ओंकार सिंह मरकाम, सदस्य हेमलाल ठाकुर, कोमल सिंह ठाकुर, नरोत्तम सिंह ठाकुर, पुजारी ईश्वर सिंह नेताम ,मनराखन ठाकुर, उदय नेताम, गणेश्वर ध्रुव, जयपाल सिंह ठाकुर, ललित ठाकुर, भगत राम उईके, रामजी ध्रुव, शत्रुघन नेताम, बलिराम ध्रुव, राधेश्याम नेताम, गीता नेताम, बुधन्तीन नेताम, अनीता ध्रुव, मानसिंह मरकाम, अर्जुन सिंह कोर्राम, तुकाराम मरकाम, शिव कुमार कुंजाम, बसंत राम नेताम, राजेन्द्र पडोटी, नरेंद्र कुमार, हरिराम नेताम, रोशनलाल मरकाम, देवेन्द्र नागवंशी, सोहन कुंजाम, बंटी मरकाम, युवराज मरकाम, कृष्ण कुमार मरकाम उपस्थित थे।

### पूर्व मुख्यमंत्री के बयान के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का दौर

# सिहावा-नगरी क्षेत्र में कथित अफीम खेती को लेकर सियासी बयानबाजी तेज, जांच की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏩ नगरी

धमतरी जिले के सिहावा-नगरी क्षेत्र में कथित अफीम खेती को लेकर इन दिनों चर्चाओं का बाजार गर्म है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हालिया बयान के बाद यह मुद्दा अचानक सुर्खियों में आ गया है, जिससे क्षेत्र में तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं।

स्थानीय स्तर पर कुछ लोगों के बीच यह चर्चा है कि क्षेत्र में अवैध रूप से अफीम की खेती किए जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि इन दावों की अब तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। कुछ लोग यह भी दावा कर रहे हैं कि सब्जी की खेती की आड़ में अवैध फसल उगाई गई थी, जिसे कथित रूप से जांच की आशंका के चलते नष्ट कर दिया गया।



हालांकि इस तरह की चर्चाओं की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो पाई है।

इसी बीच पूर्व मुख्यमंत्री के बयान को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। क्षेत्र के कुछ लोगों का कहना है कि इस तरह की जानकारी का स्त्रोत क्या है और इसकी सत्यता की जांच होना आवश्यक है।

फिलहाल इस पूरे मामले में प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि या बयान सामने नहीं आया है। ऐसे में स्थानीय नागरिकों की नजरें अब प्रशासन की संभावित जांच एवं आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि तथ्यात्मक स्थिति स्पष्ट करने के लिए निष्पक्ष जांच आवश्यक है, जिससे अफवाहों पर विराम लगाया जा सके और वास्तविक स्थिति सामने आ सके।

#### आरोपों को बताया निराधार

दूसरी ओर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि सिहावा-नगरी क्षेत्र के किसान मुख्य रूप से धान एवं सब्जी की खेती कर रहे हैं और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। आज हमारे क्षेत्र धान में नगरी दुबाराज के नाम से प्रसिद्ध है। उन्होंने इस प्रकार के बयानों को भ्रामक करार दिया। नगरी क्षेत्र के किसानों को बदनाम किया जा रहा है।

#### इंकार नहीं किया जा सकता

इस मामले में जनप्रतिनिधियों की भी अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव ने बयान का समर्थन करते हुए कहा कि क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए ऐसी आशंकाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।

#### मामले की उच्चस्तरीय जांच हो

वहीं जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम ने कहा कि यदि इस तरह की कोई गतिविधि सामने आती है तो दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए तथा पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए।

## बठेना वार्ड में स्वर्वेद यात्रा का हुआ स्वागत

**धमतरी।** भारतीय नव वर्ष के पावन अवसर पर विहंगम योग संत समाज के तत्वावधान में स्वर्वेद यात्रा का आयोजन एचएल चक्रधारी निवास श्याम नगर बठेना वार्ड धमतरी में किया गया। इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में कुरूद के पूर्व विधायक एवं पिछड़ा वर्ग कांग्रेस नई दिल्ली के राष्ट्रीय समन्वयक लेखराम साहू शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वर्वेद यात्रा जैसे आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और व्यक्ति अपने जीवन को सही दिशा दे सकता है।



**न्यायालय श्रीमान तहसीलदार तहसील भखारा, जिला धमतरी (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

भखारा दिनांक :-19/03/2026

-00-

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम मोखा को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुरेखा पति डोमार सिंह देवांगन जाति कोष्टा निवासी मोखा तहसील भखारा जिला धमतरी (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वयं की जन्म दिनांक 02.08.1976 को ग्राम मोखा में होने से जन्म की घटना के पंजीयन हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी को भी आपत्ति हो तो दिनांक 30.03.2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.03.2026 को मेरे मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**भखारा**

## अवैध शराब का परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी।** अवैध रुप से बिक्री करने शराब का परिवहन कर रहे आरोपी को पुलिस ने बाइक सहित पकड़ उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। अर्जुनी पुलिस को मुखबिर से ग्राम हरफतराई मुख्य नहर पार के पास मोटरसाइकिल से अवैध रूप से शराब परिवहन किए जाने की सूचना मिली। पुलिस टीम ने तत्काल एक्शन लेते हुए घेराबंदी की। इस दौरान वह मोटरसाइकिल में शराब रखकर बिक्री कर रहा था।



पुलिस ने आरोपी को शराब बेचते रंगेहाथ पकड़ उसके कब्जे से 31 पौवा देसी अवैध शराब कीमत 3400 रुपए व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 एएम 7048 कीमत 50 हजार रुपए जब्त की। पूछताछ में युवक ने अपना नाम टिकेश्वर साहू पिता रामविलास उम्र 38 वर्ष ग्राम डोड़की थाना अर्जुनी निवासी बताया। पुलिस ने धारा 34/2 आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी टिकेश्वर साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।





















## 250 साल पुरानी विंध्यवासिनी बिलाई माता मंदिर की अद्भुत गाथा

# घोड़े की ठोकर से प्रकट हुई देवी शक्ति



**धमतरी।** नगर में स्थित प्राचीन विंध्यवासिनी माता मंदिर अपनी दिव्य आस्था और चमत्कारी इतिहास के लिए विशेष पहचान रखता है। मान्यता है कि यहां दर्शन मात्र से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। लाल सिंदूर से सुशोभित माता का तेजस्वी स्वरूप श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग दर्शन के लिए पहुंचते हैं। नवविवाहित जोड़े भी अपने वैवाहिक जीवन की सुख-समृद्धि के लिए यहां आशीर्वाद लेने आते हैं। बिलाई माता मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद पवार ने बताया कि मंदिर के इतिहास के अनुसार लगभग 250 वर्ष पूर्व यह स्थान घने जंगलों से घिरा था। बताया जाता है कि स्व. बापूराव पवार जब घोड़े पर सवार होकर यहां से गुजर रहे थे, तब घोड़े का पैर एक दिव्य पत्थर से टकरा गया। उसी रात उन्हें स्वप्न में देवी ने प्रकट होकर पूजा-अर्चना और मंदिर निर्माण का निर्देश दिया। इसके बाद उनके परिवार द्वारा मंदिर का निर्माण कराया गया। प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात यह दिव्य पत्थर धीरे-धीरे ऊपर उठकर वर्तमान स्वरूप में प्रकट हुआ। आज यह स्थल श्रद्धा, विश्वास और प्राचीन परंपरा का केंद्र बना हुआ है।

## खबर संक्षेप

### हर घर से लोग एलपीजी सिलेंडर के लिए भटक रहे : तारिणी



**धमतरी।** देशभर में एलपीजी के दाम बढ़ने एवं किल्लत को लेकर कांग्रेस ने सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि देश भर में कई परिवार एलपीजी सिलेंडर प्राप्त करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और उन्हें खाना पकाने के पारंपरिक तरीकों की ओर लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा है। यह संकट केंद्र सरकार की गलत नीतियों का नतीजा है। उन्होंने कहा कि हर घर की रसोई से सिलेंडर गायब हो गया है। देश के प्रधानमंत्री की गलत नीतियों के कारण गैस संकट का सामना करना पड़ रहा है। आज देश में लोग गैस सिलेंडर के लिए कतारों में खड़े हैं और कुछ लोगों की तो वहां बेहोश होने की खबरें भी आ रहीं हैं। इस स्थिति से सार्वजनिक कैंटीन समेत कई प्रतिष्ठान प्रभावित हुए हैं।

### फिरोज भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं प्रकाश बने सहसंयोजक



**धमतरी।** भाजपा ने संगठन विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए धमतरी जिले की जिम्मेदारी फिरोज हिरवानी को सौंपी है। प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव की सहमति से फिरोज को भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है एवं प्रकाश धीवर को सहसंयोजक बनाया गया है। प्रदेश नेतृत्व ने फिरोज हिरवानी की सक्रियता और समाज के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए उन्हें यह अहम जिम्मेदारी दी है। उनकी नियुक्ति से जिले के मछुआरा समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। भाजपा ज़िलाध्यक्ष प्रकाश बैस, महामंत्री महेंद्र पंडित, राकेश साहू, महापौर रामू रोहरा और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की। अपनी नियुक्ति पर श्री हिरवानी ने कहा कि मैं प्रदेश नेतृत्व और किरणसिंह देव का आभारी हूं। मेरी प्राथमिकता मछुआरा समाज के अधिकारों की रक्षा करना और संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत बनाना होगी।

### चेट्रीचंड्र महोत्सव आज निकलेगी शोभायात्रा

**धमतरी।** चेट्रीचंड्र महोत्सव को लेकर सिंधी समाज में उत्साह का माहौल है। इस वर्ष भी 20 मार्च को यह पर्व श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। पूज्य पंचायत सिंधी समाज धमतरी द्वारा आयोजित इस महोत्सव में समाजजनों सहित आम नागरिकों की सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम अंतर्गत दोपहर 12:30 बजे से पूज्य पंचायत सिंधी धर्मशाला में आम भंडारा का आयोजन किया जाएगा। शाम 4 बजे कोष्टापारा स्थित झूलेलाल मंदिर से श्री बहराणा साहब की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्रद्धा और भक्ति का संदेश देगी। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, भजन-कीर्तन और पारंपरिक वेशभूषा इसकी विशेषता होगी। आयोजन समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष योगेश जसूजा ने श्रद्धालुओं से भगवान झूलेलाल का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

# नवरात्रि, चेट्रीचंड्र और हिंदू नववर्ष के रंग में रंगा शहर

**धमतरी।** हिंदू नव वर्ष, चैत्र नवरात्रि और चेट्रीचंड्र के पावन अवसर पर शहर में आस्था और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। नवरात्रि के प्रथम दिन सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी, जहां भक्तों ने आरती में शामिल होकर उपवास रखा और माता की भक्ति में दिनभर लीन रहे। गोधूलि बेला में मंदिरों में ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए तथा आकर्षक सजावट, लाइटिंग और रंग-रोगन से मंदिर जगमगा उठे। हिंदू नव वर्ष पर लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देकर नवसंवत्सर का स्वागत किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पथ संचलन का आयोजन भी किया गया। वहीं सिंधी समाज में चेट्रीचंड्र महोत्सव को लेकर विशेष उत्साह रहा। पूर्व संध्या पर महिलाओं द्वारा स्कूटी एवं ई-रिक्शा रैली निकालकर भगवान झूलेलाल के जयकारों और भजन-कीर्तन से माहौल भक्तिमय बना दिया।

## नवरात्रि के पहले दिन उमड़ी आस्था हजारों ज्योति से जगमगाया मंदिर



चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन गुरुवार को शहर सहित जिलेभर के देवी मंदिरों में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। अलसुबह से ही श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में पहुंचने लगे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। नगर के प्रमुख विंध्यवासिनी मंदिर परिसर माता रानी के जयकारों से गूंज उठा। इसके अलावा अंगारमोती मंदिर, रिसाई माता मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर और मावली माता मंदिर में भी दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।

भक्तजन चुनरी, कुमकुम, चूड़ी, श्रृंगार सामग्री, नारियल, अगरबत्ती और पुष्प अर्पित कर माता के चरणों में मत्था टेकते नजर आए। श्रद्धालुओं ने सुख, समृद्धि और मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए विशेष प्रार्थना की। कई भक्तों ने व्रत रखकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि के पहले दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है, जिन्हें शक्ति और स्थिरता का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन सच्चे मन से पूजा करने पर जीवन में सुख-शांति और समृद्धि का वास होता है।

इस वर्ष जिलेभर में बड़ी संख्या में मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं। नगर में लगभग 6 हजार तथा जिले में 10 हजार से अधिक ज्योति प्रज्ज्वलित हुई । प्रमुख मंदिरों में भी विशेष तैयारी की गई है, जहां संध्याकालीन गोधूलि बेला में ज्योति प्रज्ज्वलन हुई

वहीं ज्योतिषीय दृष्टि से भी यह नवरात्रि विशेष माना जा रहा है। लंबे अंतराल के बाद बने चतुर्ग्रही योग ने इस पर्व का महत्व और बढ़ा दिया है, जिससे श्रद्धालुओं में उत्साह और आस्था का माहौल और अधिक गहरा गया है।

## संघ के पथ संचलन ने भरा जोश







हिंदू नव वर्ष के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा गुरुवार को आयोजित पथ संचलन ने शहर को शौर्य, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया। सैकड़ों स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में, हाथों में दंड लिए सुसंगठित कदमताल के साथ जब सड़कों पर उतरे, तो पूरा नगर मानो एक जीवंत शौर्य गाथा का साक्षी बन गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नूतन स्कूल में एकत्रीकरण के साथ हुआ, जहां से पथ संचलन प्रारंभ होकर सदर बाजार, गणेश चौक, कचहरी चौक, चमेली चौक, मठ मंदिर चौक, घड़ी चौक, बस्तर रोड, रत्नाबांधा चौक होते हुए छत्रपति शिवाजी चौक तक पहुंचा। इस दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। आगे बढ़ते हुए संचलन देवश्री टॉकीज, बनियापारा, रामसागरी गार्डन, बांसपारा मार्ग से होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर संपन्न हुआ। बैंड की ओजस्वी धुनों के बीच स्वयंसेवक लयबद्ध चाल में अनुशासन का अद्भुत प्रदर्शन करते नजर आए। आगे बैंड दल देशभक्ति की स्वर लहरियां बिखेर रहा था, तो पीछे स्वयंसेवकों की सधी हुई चाल और एकरूपता ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा शरबत, पानी और स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई, जिसका स्वयंसेवकों ने आनंद लिया। यह पथ संचलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्रप्रेम, संगठन शक्ति और सांस्कृतिक गौरव का जीवंत प्रदर्शन बनकर उभरा। जिला संघचालक श्याम अग्रवाल, नगर संघचालक रामलखन गजेन्द्र, नगर कार्यवाह श्री साहू, नगर सहकार्यवाह रवि प्रकाश शर्मा, प्रताप राव कृदत्त, राघव राव रणसिंह, शिरोमणि राव घोरपड़े, घनश्याम साहू, दिनकर राव चव्हाण, राजू सोनकर, योगेश साहू, राजेंद्र पटेल, राजकुमार पटेल, अजय नामदेव, विजय नामदेव, दिनेश पटवा, गौरव मगर, धरम साहू, विजय ठाकुर, सागर निर्मलकर, शिवाजी साहू, नोहर देवांगन, राजेश चंद्राकर, ऋषिकांत सिन्हा, नगर प्रचार प्रमुख उमेश सिंह बशिस्ट, वेदप्रकाश भोंसले, विजय सिंह ठाकुर, डॉ दानी राम सिन्हा, योगेन्द्र यादव, संतोष वर्मा, अयांश सिंह, सागर निर्मलकर, मिलिंद कुलकर्णी, राहुल निर्मलकर, लक्ष्य सिंह ठाकुर, सुरेश गुप्ता, देवेन्द्र ध्रुवंशी, राघवेन्द्र साहू, शुभांक मिश्रा, अभिषेक जाधव, शैलेश चंद्राकर, रोहित देवांगन, कोमल सर्वा, प्रिंस जैन, संजय जेठवानी, गोविंदा ढिल्लन, पवन गजपाल, नंदू लोधी, गौरव मगर, तिलक मानिकपुरी, ढुल्लू राम साहू, धरम साहू, नरेन्द्र देवांगन, शिवाजी साहू, विनोद रणसिंह, कैलाश भोंसले, सहित सैकड़ों स्वयंसेवक नगर पथ संचलन में शामिल हुए।

## चेट्रीचंड्र पर दिखा आस्था और उत्साह का संगम



चेट्रीचंड्र पर्व के अवसर पर सिंधु शक्ति महिला संगठन एवं पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में इस वर्ष भी भव्य महिला स्कूटर रैली का आयोजन किया गया। रैली विंध्यवासिनी मंदिर से घड़ी चौक तक निकाली गई, जिसमें लगभग 800 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सफेद परिधान, केसरिया चुनरी व पगड़ी में सजी महिलाएं हाथों में भगवान झूलेलाल का ध्वज लेकर जयकारों और भजन-कीर्तन के साथ शहर भ्रमण करती नजर आईं।

रैली प्रारंभ होने से पूर्व महिलाओं ने विंध्यवासिनी मंदिर में महाआरती कर सर्वजन कल्याण की कामना की। इसके पश्चात झूलेलाल मंदिर में आरती कर पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष चंदू जसवानी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। बुजुर्गों की सुविधा के लिए लगभग 50 ई-रिक्शा की व्यवस्था भी की गई थी।

शहर के विभिन्न स्थानों पर रैली का भव्य स्वागत किया गया। समाजसेवी राजेश शर्मा की टीम, मंदिर ट्रस्टी आनंद पवार, सुखी कोटवानी, गोपाल वाधवानी, कोमल चावला, अशोक बुधवानी सहित अन्य लोगों ने स्वागत किया। घड़ी चौक में रोमी सावलानी एवं जीविका सावलानी द्वारा आतिशबाजी और स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिससे पूरा क्षेत्र जगमगा उठा।

यहां महिलाओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य कर भगवान झूलेलाल की जयंती मनाई तथा महाआरती कर प्रसादी का वितरण किया गया। इसके पश्चात धर्मशाला में लकी ड्रा निकाला गया, जिसमें लगभग 50 प्रतिभागियों को पुरस्कार मिला। कार्यक्रम में महापौर रामू रोहरा, सोनू जसूजा, सुनील रेवलानी, बंटी वाधवानी, अमर पिजानी, राजू पंजवानी, भावना कुकरेजा, पार्वती वाधवानी, प्रिया पंजवानी, साक्षी वाधवानी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# ईद पर सजी सेवइयों की दुकानें, बाजारों में बढ़ी रौनक

- 21 मार्च को मनाई जाएगी ईद, मुस्लिम समुदाय में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



पवित्र रमजान माह के समापन पर मनाए जाने वाले ईद-उल-फितर को लेकर शहर में उत्साह चरम पर है। इस वर्ष ईद 21 मार्च को मनाई जाएगी। जैसे-जैसे त्योहार नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे शहर के बाजारों में रौनक बढ़ती जा रही है और मुस्लिम समुदाय के लोग तैयारियों में जुट गए हैं।

घरों में रंग-रोगन और सजावट का कार्य जोरों पर है। इबादत के इस पवित्र महीने के अंतिम दिनों में लोग खुदा की बंदगी में लीन हैं और ईद की खुशियों का इंतजार कर रहे हैं। ईद के खास मौके पर बाजारों में सेवइयों की महक लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। शहर के प्रमुख इलाकों में दर्जनों दुकानों पर विभिन्न प्रकार की सेवइयां सज चुकी हैं। चमेली चौक स्थित फेनी भंडार के संचालक शाहिद निर्बान ने बताया कि उनके यहां हर वर्ष देश के अलग-अलग हिस्सों जैसे इलाहाबाद, हैदराबाद, बंगाल, बनारस और जयपुर से उच्च गुणवत्ता की सेवइयां मंगाई जाती हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सबसे महंगी घी से बनी फेनी सेवई 400 रुपये प्रति किलो में उपलब्ध है, जबकि अन्य सेवइयां 300 और 200 रुपये प्रति किलो के भाव में बिक रही हैं। हर साल करीब 30 क्विंटल सेवइयों की खपत होती है, जिससे 15 से 20 लाख रुपये तक का कारोबार होता है। त्योहार के नजदीक आते ही बाजारों में भीड़ बढ़ने लगी है।

## डेढ़ वर्ष के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करने पर 32,000 बोनस राशि मिलेगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में आवास निर्माण कार्य को गति देने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। योजना के तहत कुल 791 आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 395 आवासों का निर्माण कार्य वर्तमान में जारी है, जबकि शेष 396 आवासों का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाना बाकी है।

आयुक्त प्रिया गोयल एवं उपायुक्त पीसी सार्वा ने हितग्राहियों को निर्देशित किया है कि वे 31 मार्च तक अपने-अपने आवास निर्माण कार्य को हर हाल में शुरू करें। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि योजना का लाभ तभी प्रभावी होगा जब सभी हितग्राही समय पर निर्माण कार्य प्रारंभ कर उसे पूर्ण करेंगे। नगर निगम द्वारा अब तक इस योजना अंतर्गत लगभग 4 करोड़ 49 लाख रुपये की राशि हितग्राहियों को प्रदान की जा चुकी है, जिससे निर्माण कार्य में तेजी आई है। प्रशासन लगातार हितग्राहियों से संपर्क कर उन्हें निर्माण कार्य शुरू करने के लिए प्रेरित कर रहा है। शासन द्वारा एक विशेष प्रोत्साहन भी दिया जा रहा है। जो हितग्राही अपने आवास का निर्माण कार्य डेढ़ वर्ष के भीतर पूर्ण करेंगे, उन्हें 32,000 की अतिरिक्त बोनस राशि प्रदान की जाएगी। अधिकारियों ने हितग्राहियों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए समयसीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करें, ताकि वे न केवल पक्का आवास प्राप्त कर सकें बल्कि प्रोत्साहन राशि का लाभ भी ले सकें।

## योगार्थियों ने दीप जलाकर मनाया नव संवत्सर एवं नवरात्रि पर्व



धमरी। नेहरू गार्डन योग केंद्र के योगार्थियों द्वारा नव संवत्सर एवं चैत्र नवरात्रि पर दीप प्रज्वलन कर शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया गया। इस अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास एवं प्राणायाम का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षिका सुश्री निकिता धरमगुड़ी द्वारा दीप के साथ नटराज आसन एवं वीरभद्रासन का विशेष अभ्यास कराया गया। योगार्थी आनंद जैस ने कहा कि योग हमें शरीर ही नहीं, मन और आत्मा की शुद्धि की दिशा में ले जाता है। नव संवत्सर, नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संदेश देता है। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ से हुआ। इस अवसर पर सुलेखा जोशी, लेखराज धरमगुड़ी, प्रिया रामरख्यानी, शिव जैस, चमेली यादव, अनु दत्ता, बीथिरानी दत्ता, शिवकुमार जैस, सिद्धि पटेल, हेमलता मार्कण्डेय एवं हरप्रीत कौर उपस्थित रहे।

## पानी की निर्बाध आपूर्ति के लिए कसी कमर

# गर्मी से पहले नगर निगम हुआ अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



बढ़ती गर्मी को देखते हुए नगर निगम ने पेयजल आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों द्वारा वैकल्पिक व्यवस्थाएं मजबूत की जा रही हैं, ताकि शहरवासियों को किसी भी प्रकार की पानी की किल्लत का सामना न करना पड़े।

निगम के अनुसार प्लांट में लगे मोटर पंपों के रखरखाव और सुधार कार्य लगातार जारी हैं। खराब मोटरों को शीघ्र सुधार के लिए भेजा गया है, वहीं चालू पंपों के माध्यम से नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही ओवरहेड टंकियों में पर्याप्त पानी भरने के लिए विशेष मॉनिटरिंग की जा रही है।

शहर के सभी वार्डों में जरूरत के अनुसार टैंकरों की व्यवस्था भी की गई है, ताकि किसी भी क्षेत्र में पानी की कमी महसूस न हो। जल विभाग की टीम 24 घंटे अलर्ट मोड पर काम कर रही है और हर छोटी-बड़ी समस्या का त्वरित समाधान किया जा रहा है। महापौर रामू रोहरा ने बताया कि पुराने प्लांट के पास नए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य अंतिम चरण में है, जिसे अप्रैल के प्रथम सप्ताह में शुरू करने की तैयारी है। इसके शुरू होते ही जलापूर्ति और अधिक सुदृढ़ हो जाएगी। नगर निगम का दावा है कि समुचित योजना और व्यवस्थाओं के चलते इस गर्मी शहर में पानी की कोई बड़ी समस्या नहीं आने दी जाएगी और नागरिकों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।







